BIHAR STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

पत्रांक : 3599 / 2023

(A Bihar Government undertaking) Beltron Bhawan, Shastri Nagar, Patna - 800 023. Bihar,(India) Help desk No.0612-2281814, 2281815

बिहार सरकार

प्रोग्रामर हेतु ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन की सूचना

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन) मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों को मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से कम्प्यूटर तकनीकी कर्मियों (प्रोग्रामर सहित) की सेवा संविदा के आधार पर उपलब्ध करायी जाती है। उपर्युक्त अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि० द्वारा कराया जाता है एवं CBT आधारित दक्षता परीक्षा में सफल होने के उपरांत चयन योग्य अभ्यर्थियों की सूची (पैनल) निगम की मैनपावर एजेन्सी को उपलब्ध करा दी जाती है। विभागों द्वारा अलग–अलग समय में माँग के अनुसार इसी सूची (पैनल) में से एजेन्सी द्वारा deployment एवं भुगतान आदि किया जाता है। वर्तमान में बेल्ट्रॉन द्वारा प्रोग्रामर की सूची (पैनल) तैयार किया जाता है। अतः इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से प्रोग्रामरों के लिए अर्हताएँ, शर्तें तथा आवश्यक सूचनाएँ निम्न प्रकार से है :– 1. शैक्षणिक योग्यता :– निर्धारित योग्यता BTech(CS), BE(CS), MCA, B.Sc Engg. (CS), M.Sc IT है।

2. उम्र सीमा :– दिनांक 01.08.2022 को न्यूनतम 21 तथा अधिकतम 60 वर्श।

3. आरक्षण :– सभी अधियाचनाओं में राज्य सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जायगा तथा रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रेशित कराया जायगा।

4. सेवा शर्ते :– निर्धारित सेवा शर्तो के साथ अभ्यर्थी एजेन्सी के साथ एकरारनामा करेंगे। चयनित सेवा प्रदाता द्वारा प्रेशित अभ्यर्थी बेल्ट्रॉन से अधियाचना करने वाले कार्यालयों में उनकी आवश्यकतानुसार तथा उनके निर्देश में अर्थात वाह्य शर्तो पर कार्य करेंगे।

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० में प्रोग्रामर के लिए रजिस्टेशन के इच्छुक अभ्यर्थी बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० (BELTRON), के वेबसाईट https://bsedc.bihar.gov.in पर दिनांक **25.07.2023** (मंगलवार) से उपलब्ध लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन हेतु सभी अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में रू० 1000.00 (एक हजार) देय होगा तथा केवल बिहार राज्य के महिला/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी (40% या उससे अधिक) के लिए रू० 250.00 (दो सौ पचास) रूपये देय होगा।

(अभ्यर्थी को उपर्युक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित चार्ज भी देना होगा, जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जाएगा), आवेदक द्वारा फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि अपलोड करना होगा।

अभ्यर्थियों की चयन परीक्षा का प्रकार CBT आधारित MCQ (Multiple Choice Question) परीक्षा होगी। इस परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिश्ठ प्रश्न होगें तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक दिये जायेंगे, जिसमें निगेटिव मार्क्स का प्रावधान नहीं होगा। दक्षता परीक्षा IGNOU के MCA सिलेबस के आधार पर होगी। चयन हेतु कट–ऑफ मार्क निधारित किया जायेगा जिसमें बिहार के स्थायी निवासी महिला, अनु० जाति, अनु० जनजाति को 10% की तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों को 15% की अधिमानता दी जायगी।

जिन आवेदकों द्वारा निगम के द्वारा प्रकाशित सूचना पत्रांक 2721/2023 दिनांक 02.06.2023 के विरूद्ध पूर्व में हीं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक (पूरे भुगतान के साथ) संपन्न कर ली है, उन्हें इस सूचना के विरूद्ध पुनः आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 14.08.2023 (सोमवार) तक चालू रहेगा।

<u>उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।</u>

प्रबन्ध निदेशक

PR- 005665 (Ni.Ni.) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।